**जनपद गाजियाबाद प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 06-01-21**

**थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में मोबाइल लूट करते हुए 02 अभियुक्त रंगे हाथ गिरफ्तार कब्जे से 1 मोबाइल व 1 मोटरसाईकिल बरामद**

कार्यवाही- **श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कलानिधि नैथानी के निर्देशन में व श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर** द्वितीय **महोदय के पर्येवेक्षण में तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर तृतीय महोदय के कुशल नेतृत्व में थाना इंदिरापुरम पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत पुस्ता रोड सीएनजी गैस एजेन्सी के पास राहगीर इस्लामुद्दीन पुत्र बाबूदीन नि0 म0न0 875 गली नं0-1 कैला भट्टा थाना कोतवाली गा0बाद से मोबाइल लूट करते हुए** दो अभियुक्त **1-सन्दीप पुत्र होशियार सिंह नि0 म0न0 314 गली नं0 13 गॉव कड़कड़ थाना लिंक रोड गा0बाद 2-विकास पुत्र सूरजपाल नि0 गौण्डा सहवानपुर थाना चॉदीनगर बागपत को गिरफ्तार किया गया । व कब्जे** से लूटा गया 1मोबाइल( mi कंपनी का)व एक **मोटर साईकिल(यू0पी0 17 एस 2332 -घटना में प्रयुक्त)बरामद की गई।**

अपराध करने का तरीका- अभियुक्तगण ने पूछताछ पर बताया कि हम लोग रास्ते में अकेले जा रहे लोगों पर लूट की वारदात को अंजाम देते थे। व लूट के मोबाइल को राह चलते लोगों को कम दाम पर बेच देते थे।

गिरफ्तार अभियुक्तो के नाम/पता

1-सन्दीप पुत्र होशियार सिंह नि0 म0न0 314 गली नं0 13 गॉव कड़कड़ थाना लिंक रोड जनपद-गा0बाद

2-विकास पुत्र सूरजपाल नि0 गौण्डा सहवानपुर थाना चॉदीनगर जनपद-बागपत

अपराधिक इतिहास–

.1मु0अ0स2021/0012 .0धारा 392/411भादवि थाना इन्द्रापुरम गाबाद ।0

बरामदगी का विवरण-

1-1 मोबाइल( mi कंपनी का)

2-1 मोटर साईकिल(यू0पी0 17 एस 2332) –(घटना में प्रयुक्त)



**<u>थाना विजयनगर पुलिस द्वारा एक शातिर अपराधी को मय 2000 रूपये व 500 रूपये की कूपन के नोटों की गड्डियों के गिरफ्तार किया गया</u>**

**<u>कार्यवाही</u>-** श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री कलानिधि नैथानी द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान **#ऑपरेशन420गाजियाबाद** के क्रम में आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के कुशल पर्यवेक्षण एवं निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक विजयनगर के कुशल नेतृत्व में थाना विजय नगर पुलिस को अभियान के दौरान उस समय महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई जब थाना विजयनगर प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस पार्टी द्वारा दिनांक 05/01/2021 को रात्रि चैकिंग के दौरान एक शातिर अपराधी जयप्रकाश उर्फ कलवा को **2000/- रूपये (5 गड्डी) व 500/- रूपये (10 गड्डी) की कूपन के नोटों की गड्डियों (जो दिखने में असली नोटों जैसे प्रतीत होते है)** के साथ ब्रहमपुत्र सोसायटी के पास से थाना क्षेत्र विजयनगर से गिरफ्तार किया गया।

**<u>अपराध करने का तरीका</u>**

अभि0 द्वारा घूम घूम कर भोले भाले लोगो को पैसे का लालच देकर धोखाधडी से असली नोटों की गड्डियों के बीच में कूपन वाले नोट रखकर असली नोट ऐंठ लेना।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता</u>**

1- जयप्रकाश उर्फ कलवा पुत्र खेमचन्द उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम विरौली ताजपुर थाना चौला जिला बुलन्दशहर हाल पता किराये पर बृहमपुत्र एन्कलेव सैक्टर 10 B ब्लाक 43/204 सिद्धार्थ विहार थाना विजयनगर गाजियाबाद

**<u>पंजीकृत अभियोग का विवरण</u>**

1-मु0अ0स0 16/21 धारा 417/420 भादवि थाना विजयनगर गा0बाद

**<u>बरामदगी का विवरण</u>**

1. 2000/- रूपये के कूपन वाले नोटों की 05 गड्डी
2. 500/- रूपये के कूपन वाले नोटों की 10 गड्डी




**<u>थाना टीलामोड़ पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तो को 130 ग्राम अवैध मादक पदार्थ सहित किया गिरफ्तार</u>**

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय गाजियाबाद द्वारा अपराध नियंत्रण एवं वांछित अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान मे श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर द्वितीय के निर्देशन में ,श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर चतुर्थ के पर्यवेक्षण एंव प्रभारी

निरीक्षक के नेतृत्व मे थाना टीला मोड पुलिस द्वारा दिनांक 05/01/2021 को दो अभियुक्तो को 130 ग्राम नशीला पाउडर एल्प्राजोलाम सहित गिरफ्तार किया गया ।

**कार्यवाही -** दिनाँक 05/01/2021 को समय 19.55 बजे गस्त व चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर शालीमार सिटी के पास से दो अभियुक्तो 1. तोहिद पुत्र मोबीन निवासी नियर सना मस्जिद इकबाल कालोनी थाना टीला मोड गा0बाद 2. खालिद पुत्र साबिर निवासी नियर बिलाल मस्जिद इकबाल कालोनी थाना टीला मोड गा0बाद को गिरफ्तार किया , अभियुक्त तोहिद के कब्जे से 70 ग्राम नशीला पाउडर अल्प्राजोलम व अभियुक्त खालिद के कब्जे से 60 ग्राम अल्प्राजोलम नशीला पाउडर बरामद हुआ। जिसके सम्बन्ध में थाना हाजा पर अभियुक्त तोहिद के विरुद्ध मु0अ0सं0 11/21 व अभियुक्त खालिद के विरुद्ध 12/21 धारा 8/21 NDPS.Act पंजीकृत किया गया

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त:-**

1. तोहिद पुत्र मोबीन निवासी नियर सना मस्जिद इकबाल कालोनी थाना टीला मोड गा0बाद
2. खालिद पुत्र साबिर निवासी नियर बिलाल मस्जिद इकबाल कालोनी थाना टीला मोड गा0बाद

**अभियुक्तो से बरामदगी –**

(1) अभि0 तोहिद से - 70 ग्राम नशीला पाउडर एल्प्राजोलाम
(2) अभि0 खालिद से - 60 ग्राम नशीला पाउडर एल्प्राजोलाम

**आपराधिक इतिहास –**

(1) अ0सं0 11/21 धारा 8/21 NDPS.Act बनाम तोहिद थाना टीला मोड गा0बाद
(2) अ0सं0 12/21 धारा 8/21 NDPS.Act बनाम खालिद थाना टीला मोड गा0बाद

अभि0गण के अन्य अपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।



**बिजली बिलों के 05 करोड 64 लाख रु0 का गबन कर धोखाधडी करने वाले 02 नफर अभियुक्तगण 11,52,000/- रुपये सहित गिरफ्तार**

**कार्यवाही-** श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय गाजियाबाद द्वारा अपराधियों की धरपकड हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन व श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय महोदय के सफल पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक सिहानी गेट श्री गोपाल कृष्ण शर्मा के कुशल नेतृत्व में चैकिंग के दौरान थाना हाजा के मु0अ0स0 1955/20 धारा 420/409/406 भादवि मे 05 करोड 64 लाख रु0 बिजली बिलो का गबन करने वाले वांछित चल रहे 02 नफर अभि0 गण 1.सुमित गुप्ता पुत्र स्व0 श्री शिशिर गुप्ता नि0 म0न0 101 चौक खत्रीयान शाह खाकी थाना कोतवाली जनपद मेरठ 2. सचिन शर्मा पुत्र कृष्णगोपाल शर्मा निवासी फूटा कुआं बुढाना गेट थाना कोतवाली नगर जिला मेरठ को बिजली बिलो के 11,52,000/- रुपये सहित दीवान अस्पताल के पास चौकी क्षेत्र पटेल नगर से थाना सिहानी गेट पुलिस द्वारा दि0 06/01/021 को समय 03.50 बजे गिरफ्तार किया।

**पूछताछ का विवरण -**
दिनांक 15/12/2020 को वादी श्री एस0पी0 सिंह अधिसाशी अबियन्ता विधुत वितरण खण्ड सप्पम पटेलनगर द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 1955/20 धारा 420/409 भादवि बनाम सुमित गुप्ता पुत्र स्व0 शिशिर गुप्ता नि0 101 चौक खत्रीयान शाह खाकी मेरठ हाल मुख्य खजान्ची (रा0) विधुत वितरण खण्ड सप्तम गा0बाद थाना स्थानीय पर पंजीकृत किया गया था । जिसमे वादी द्वारा तहरीर किया कि श्री सुमित गुप्ता (मुख्य खजान्ची) उपरोक्त द्वारा धोखाधडी कर राजस्व की धनराशी करीब 29544551.00 रु0 विभागीय खाते मे जमा न कराकर सरकारी राजस्व का गबन किया है तफ्तीश मे अभि0 सुमित गुप्ता उपरोक्त के सहयोगी अभि0 सचिन शर्मा के प्राकाश मे आने पर वांछित अभि0गणो द्वारा कुल करीब 5 करोड 64 लाख रु0 का गबन करना पाया गया अभि0 सुमित गुप्ता के कब्जे से 10,81000/- रू0 व अभि0 सचिन शर्मा के कब्जे से 71000 रू0 कुल 11,52,000/- रुपये बरामद हुए मुख्य अभि0 सुमित गुप्ता ने पकडे जाने पर बताया कि कुछ रूपया मैने जो बिजली घर से गवन किया था वह रूपया अमन पुत्र पवन महेशवरी नि0 म0नं0 228 सराय लाल दास थाना देहली गेट मेरठ एवं राहुल गुप्ता पुत्र योगेश गुप्ता नि0 चाणक्य पुरी राधाकुंज कालोनी थाना मेडिकल मेरठ को दे रखा है तथा कुछ रूपया मैं जुआ-सट्टा में हार गया हूं

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-**
1.सुमित गुप्ता पुत्र स्व0 श्री शिशिर गुप्ता नि0 म0न0 101 चौक खत्रीयान शाह खाकी थाना कोतवाली जनपद मेरठ
2. सचिन शर्मा पुत्र कृष्णगोपाल शर्मा निवासी फूटा कुआं बुढाना गेट थाना कोतवाली नगर जिला मेरठ

**पंजीकृत अभियोग का विवरणः-**
मु0अ0स0 1955/20 धारा 420/409/406 भादवि थाना सिहानीगेट गा0बाद **बरामदगी**11,52,000/- रुपये




**कार्यवाही-** श्री कलानिधि नैथानी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद गाजियावाद द्वारा अपराध एवं अपराधियों एवं अवैध शस्त्र/ शराब/ जुआ/सट्टा की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी लोनी के पर्यवेक्षण में थाना ट्रोनिकासिटी पुलिस द्वारा दिनांक 5-01-21 को निकट मून लाईट स्कूल के पास पूजा कालौनी समय 16-10 वजे अभियुक्त अमित पुत्र प्रेम सिह थाना ट्रोनिका सिटी गा0बाद को नाजायज शराब हरियाणा मार्का के गिरफ्तार किया गया । जिसके कब्जे से 115 पव्वे नाजायज शराब हरियाणा मार्का बरामद । जिसके विरूद्ध थाना हाजा पर अ0सं0 08/2021 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

**पूंछतांछ का विवरण-**अभियुक्त ने पूछतांछ करने पर वताया कि मैं आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए शराब बेचता हूँ।
**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-**
1. अमित पुत्र प्रेम सिह थाना ट्रोनिका सिटी गा0बाद

**बरामदगी का विवरण -** 115 पव्वे नाजायज देशी शराब हरियाणा मार्का बरामद

## थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से चोरी का सानान बरामद

श्री कलानिधि नैथानी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद गाजियावाद द्वारा अपराध एवं अपराधियों एवं अवैध शस्त्र/ शराब/ जुआ/सट्टा की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी लोनी के पर्यवेक्षण में थाना ट्रोनिकासिटी पुलिस द्वारा दिनांक 06-01-2021 को उत्तम विहार से चोरी के सामान के समय 01-00 वजे अभियुक्त सूरज पुत्र बृजभूषण निवासी सरला विहार थाना ट्रोनिका सिटी गा0बाद को चोरी के सामान के गिरफ्तार किया गया। जिसके कव्जे से एक जैक,एक नुकीली रोड,एक मिक्सी बरामद जो थाना हाजा के अ0सं0 10/2021 धारा 380,411 भादवि से सम्बन्धित है

**पूंछतांछ का विवरण-**अभियुक्त ने पूछतांछ करने पर वताया कि मैं आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए चोरी हूँ।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-**

1 सूरज पुत्र बृजभूषण निवासी सरला विहार थाना ट्रोनिका सिटी गा0बाद

**बरामदगी का विवरण -** कव्जे से एक जैक,एक नुकीली रोड,एक मिक्सी बरामद




# थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस द्वारा 03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्री कलानिधि नैथानी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद गाजियावाद द्वारा अपराध एवं अपराधियों एवं अवैध शस्त्र/ शराब/ जुआ/सट्टा की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी लोनी के पर्यवेक्षण में थाना ट्रोनिकासिटी पुलिस द्वारा दिनांक 06-01-21 को मुखबिर की सूचना पर अल्फलाह मस्जिद के पास से समय 12-00 वजे अभियुक्त 1-विजय कश्यप पुत्र जगपाल निवासी संगम विहार थाना लोनी बार्डर गा0बाद 2- शौकत अली पुत्र सलीमुद्दीन निवासी खुशहाल पार्क थाना लोनी गा0बाद 3- वसी पुत्र शब्बीर अहमद निवासी उपरोक्त को मय फोटो वायरल मोबाईल के गिरफ्तार किया गया। जिसके विरूद्ध थाना हाजा पर अ0सं0 09/2021 धारा 5 भादवि 67 i T Act पंजीकृत है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-**

1 विजय कश्यप पुत्र जगपाल निवासी संगम विहार थाना लोनी बार्डर गा0बाद

2- शौकत अली पुत्र सलीमुद्दीन निवासी खुशहाल पार्क थाना लोनी गा0बाद

3- वसी पुत्र शब्बीर अहमद निवासी उपरोक्त

**बरामदगी का विवरण -** घटना में प्रयुक्त 03 मोबाईल बरामद